Total number of printed pages–4

1 (Sem – 2/FYUGP) HIN 21 MN/(B)

Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Assam

2026

HINDI

(Minor)

SET–B

Paper : HIN4200104MN

(हिन्दी व्याकरण)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

SET–B

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) संधि किसे कहते हैं?

(ख) 'सुंदरता' कौन-सी संज्ञा का उदाहरण है?

(ग) वाक्य शुद्धि से आप क्या समझते हैं?

(घ) 'अनाज'-के *दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ङ) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :

सात दीपों का समूह,
चन्द्र के समान मुखवाली

(च) 'क्या तुम विद्यालय जाओगे?' यह कौन-सा वाक्य है?

(छ) सकर्मक क्रिया किसे कहते हैं?

(ज) एकार्थक शब्द के *दो* उदाहरण दीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) लिंग किसे कहते हैं? हिन्दी में लिंग के कितने भेद है?

(ख) कर्ताकारक और कर्मकारक में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार लिखिए।

(घ) 'कल' और 'जल' शब्दों की अर्थगत विशेषता स्पष्ट कीजिए।

(ङ) उपसर्ग की परिभाषा देकर *दो* उदाहरण लिखिए।

(च) वचन किसे कहते हैं? एकवचन और बहुवचन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

(छ) 'राम ने सीता को फूल दिया।'—वाक्य में प्रयुक्त कारकों की पहचान कीजिए।

(ज) अन्वय किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(झ) सरल वाक्य का *एक* उदाहरण देकर उसकी विशेषता बताइए।

(ञ) विपरीतार्थक शब्द किसे कहते हैं? 'ऋजु' और 'आदृत' —का विपरीतार्थक शब्द लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) समास की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके मुख्य प्रकारों का परिचय दीजिए।

(ख) संज्ञा किसे कहते हैं? संज्ञा के भेदों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(ग) कर्मकारक के कारकचिह्न 'को' के प्रमुख व्यवहार को स्पष्ट कीजिए।

(घ) बनावट की दृष्टि से सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्य का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(ङ) हिन्दी भाषा की दृष्टि से पदक्रम और अन्वय का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(च) अनेकार्थक शब्दों के प्रयोग से भाषा में उत्पन्न प्रभाव का वर्णन कीजिए।

(छ) संधि का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख प्रकारों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(ज) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध प्रयोग कीजिए :

(i) विधवा विलाप करके रोने लगी।

(ii) वह बुधवार के दिन आएगा।

(iii) अगले साल वह लुधियाना गया था।

(iv) बेरोजगारियाँ दूर होनी चाहिए।

(v) मैं प्रात:काल के समय पढ़ता हूँ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) हिन्दी शब्द रचना की संकल्पना स्पष्ट कीजिए। हिन्दी शब्द भंडार के विकास में उपसर्ग और प्रत्यय की भूमिका किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ख) सर्वनाम और विशेषण को परिभाषित करते हुए दोनों के प्रकारों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(ग) वाक्य शुद्धि के सिद्धांतों का विस्तार से वर्णन कीजिए तथा अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करने के नियमों का उदाहरण सहित आलोकपात कीजिए।

(घ) भाषा की आर्थी संरचना क्या है? हिन्दी की एकार्थक, अनेकार्थक, पर्यायवाची, विपरीतार्थक शब्द एवं अनेक शब्दों के लिए एक शब्द की संकल्पना का उदाहरण सहित एक निबंधात्मक जवाब दीजिए।

(ङ) वाक्य परिवर्तन की प्रक्रिया का वर्णन करते हुए कथनात्मक, प्रश्नवाचक, निषेधात्मक, आज्ञावाचक एवं विस्मयादिबोधक वाक्यों में परिवर्तन के उदाहरण सहित समीक्षा कीजिए।

Manuaram Dhekial Phookan College Library
ACC. No.
Date
Nagaon: Assam